CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:28 बजे
सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:06 बजे
सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ
हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 247 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 28 मार्च 2026



धुरंधर 2 की सफलता के......पेज-4 पर

## News कॉर्नर

### जिले में गैस एवं ऑयल का स्टॉक पर्याप्त है: डीएम

हल्द्वानी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, सहित सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि अपने-अपने क्षेत्र के गैस एवं पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक का नियमित चैकिंग करें।जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने आश्वस्त किया है कि जनपद की तीनों गैस एजेंसियों भारत, एचपी एवं इंडेन गैस एजेन्सी में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने कहा जिला प्रशासन द्वारा नियमित निगरानी की जा रही है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे घबराकर गैस एजेंसियों के गोदाम पर न जाएं और न ही अनावश्यक परेशान न हों, क्योंकि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और नियंत्रण में है।उन्होंने बताया विगत सप्ताह जनपद में गैस का बैकलॉग 40 हजार था वर्तमान में 25 हजार है, धीरे-धीरे जनपद में गैस की स्थिति सामान्य हो रही है। उन्होने उपभोक्ताओं व आम जनता से अपील की है कि गैस गोदाम में ना जाएं सभी को होम डिलीवरी दी जा रही है। उन्होंने गैस एजेन्सियों को निर्देश दिये हैं कि जिन लोगों की गैस बुकिंग पहले है उन्हें प्राथमिकता से होम डिलीवरी करायें साथ ही उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि ऑनलाइन बुकिंग अवश्य करायें।

### अल्मोड़ा में गैस सिलिंडर खत्म होते ही सड़क जाम

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा नगर के लोअर माल रोड में घरेलू गैस सिलिंडर नहीं पहुंचने पर लोगों ने हंगामा किया और सड़क पर जाम लगाया। वहीं गैस सर्विस सहित प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। अल्मोड़ा गैस सर्विस के अनुसार बनाए गए गैस वितरण रोस्टर के अनुसार शुक्रवार को नगर के पांडेखोला, कर्नाटक खोला और खोल्टा क्षेत्र में घरेलू गैस का वितरण किया जाना था। सुबह छह बजे से लोग गैस लेने के लिए कतार में लगे थे। इस क्षेत्र में गैस का एक वाहन 234 सिलिंडर लेकर पहुंचा। पांडेखोला से गैस वितरण शुरू हुआ। वहीं पर पूरे सिलिंडर समाप्त हो गए। गैस के इंतजार में सुबह से कतार में आइएसबीटी के पास खड़े लोगों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने हंगामा करते हुए सड़क जाम कर दिया।कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। इस दौरान पुलिस के साथ लोगों की कहासुनी भी हुई।

## यह एयरपोर्ट विकसित उत्तर प्रदेश की उड़ान का प्रतीक बनेगा: मोदी

लखनऊ
एजेंसी

करीब 25 वर्षों के बाद आसमान से जुड़ने का नोएडा का सपना आज पूरा हो हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का लोकार्पण किया।

पीएम मोदी ने कहा, किसी भी देश में एयरपोर्ट सिर्फ एक सामान्य सुविधा नहीं होती। ये एयरपोर्ट प्रगति को भी उड़ान देते हैं। साल 2014 से पहले देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे, आज 160 से अधिक एयरपोर्ट हो चुके हैं। अब महानगरों के अलावा, देश के छोटे-छोटे शहरों तक भी हवाई कनेक्टिविटी पहुंच रही है। पहले की सरकारें मानती थीं कि हवाई यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए होनी चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ने सामान्य भारतीयों के लिए भी हवाई यात्रा को आसान बना दिया है।



पीएम मोदी ने कहा, देश का सबसे बड़ा प्रदेश आज सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाले राज्यों में से एक बन गया है। आज मेरे लिए गर्व और प्रसन्नता के दो कारण हैं। पहला- इस एयरपोर्ट का शिलान्यास करने का सौभाग्य भी मुझे मिला था और इसका उद्घाटन करने का सौभाग्य भी मुझे मिला है। दूसरा- जिस उत्तर प्रदेश ने मुझे प्रतिनिधि बनाया, सांसद बनाया, उस उत्तर प्रदेश की पहचान के साथ इस भव्य एयरपोर्ट का नाम भी जुड़ गया है। कहा, साथियों यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, इटावा, बुलंदशहर, फरीदाबाद इस पूरे क्षेत्र को बहुत बड़ा लाभ होने वाला है। हिंदुस्तान और यूपी का तो होना ही होना है, यह एयरपोर्ट पश्चिम यूपी के किसानों, छोटे और लघु उद्योगों और भारत के नौजवानों के लिए अनेक अवसर देने वाला है। यहां से दुनिया के लिए विमान तो उड़ेंगे ही, साथ ही यह विकसित उत्तर प्रदेश की उड़ान का प्रतीक बनेगा।

पीएम मोदी ने कहा, पश्चिम यूपी की जनता को इस एयरपोर्ट के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। आज का यह कार्यक्रम, भारत के नए मिजाज का प्रतीक है। आप सभी देख रहे हैं कि आज पूरा विश्व कितना चिंतित है। पश्चिम एशिया में एक महीने से युद्ध चल रहा है। युद्ध की वजह से कई सारे देशों में खाने-पीने के सामान पेट्रोल-डीजल, गैस आदि ऐसे कई चीजों का चारों तरफ संकट पैदा हो गया है। कहा, कई देशों में खाने पीने की चीजों का संकट पैदा हो गया है। भारत देश वासियो की ताकत के सहारे सामना कर रहा है।

अराघची बोले- कीमत तो चुकानी पड़ेगी

## ईरान ने मध्य-इस्राइल पर दागी मिसाइल, एक की मौत

नई दिल्ली
एजेंसी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इस्राइल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 29वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव अब भी चरम पर है।

संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में शनिवार को मिसाइल इंटरसेप्शन के बाद गिरे मलबे से पांच लोग घायल हो गए और दो जगह आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना खलीफा इकोनॉमिक ज़ोन्स अबू धाबी के पास हुई, जहां सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। मीडिया ऑफिस ने बताया कि बैलिस्टिक मिसाइल को हवा में ही रोक लिया गया था, लेकिन उसके टुकड़े गिरने से नुकसान हुआ। एडी पोर्ट्स समूह के इस औद्योगिक इलाके में आग पर काबू पाने के लिए फायर टीमें तैनात की गईं। स्थिति अब नियंत्रण में बताई जा रही है। ईरान ने थाईलैंड के तेल जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने बताया कि तेहरान के साथ समझौते के बाद यह फैसला हुआ है, जिससे देश की ऊर्जा सप्लाई को लेकर चिंता कम होगी। थाईलैंड अपनी तेल जरूरतों के लिए मिडिल ईस्ट पर काफी निर्भर है। इससे पहले इसी महीने एक थाई जहाज पर हमले की घटना भी हुई थी, जिसमें ओमान की नौसेना ने चालक दल को बचाया था, जबकि तीन सदस्य अब भी लापता हैं।



### लेबनान में इस्राइली हमले, एक की मौत, 17 घायल

दक्षिणी लेबनान में इस्राइली सेना के हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 17 लोग घायल हो गए हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, यह हमला सराफंद नाम के शहर में हुआ, जो सिडोन जिले में स्थित है।

## खाली हों चुके गावों के लिये नीति बनाये केंद:सांसद भट्ट

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने शुन्य काल के दौरान लोकसभा सदन में उत्तराखंड के खाली हो चुके भूतिया गांव के पुनर्स्थापन के लिए नई योजना बनाने की बात उठाई।

सांसद अजय भट्ट ने लोकसभा सदन में बताया कि उत्तराखंड में 1700 से अधिक गांव ऐसे हैं जो पूरी तरह खाली हो चुके हैं जिन्हें भूतिया गांव यानी घोस्ट विलेज कहा जाता है। भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की वाइब्रेट विलेज योजना का लाभ बॉर्डर क्षेत्र के गांव को मिल रहा है जिससे वहां पलायन रोकने में आसानी हो रही है। ठीक इसी प्रकार मध्य हिमालय क्षेत्र में पलायन को रोकने के लिए इसी प्रकार की कोई नई योजना बनाई जानी बेहद आवश्यक है ताकि लगातार खाली होते गांव जो आज जंगली जानवरों का विचरण का केंद्र बन चुके हैं वहां फिर से रिवर्स पलायन हो सके। भट्ट ने सदन में कहा कि जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में कुल 1048 गैर आबाद गांव सूचीबद्ध हैं। उत्तराखण्ड ग्रामीण विकास एवं प्रवासन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर 2025 में 1700 से भी अधिक गांव पूरी तरह निर्जन हो चुके हैं और ये अब भूतिया गांव (घोस्ट विलेज) बन गए हैं, जहां पर कोई बसावट नहीं है, खेत खलिहान उजड़ चुके हैं, घर सुनसान पड़े हैं, जमीन बंजर पड़ गई है। जहां लोगों की किलकारी



गूंजती थी, शादी-ब्याह एवं शुभ कार्यों के शगुन गीत गाए जाते थे। दुःख दर्द में सब सहभागिता करके एक-दूसरे का हाथ बटाते थे। त्यौहारों पर संस्कृति के फूल बिखरते थे, झोड़े, चांचरी, लोकल संस्कृति के गीत गाए जाते थे। आज वहां बाघ, तेंदुआ, भालू, लोमड़ी, हिरन, बंदर, सुअर, सांप, बिच्छू एवं विभिन्न प्रकार के जंगली जानवरों की आवाजाही हो रही है। हमारे लोग अपने गांव छोड़कर बड़े शहरों में चले गए है, इस प्रकार ये सभी गांव माईग्रेटेड (पालयन) की समस्या से जूझ रहे है, जिसके कारण ये गांव पूरी तरह से खाली हो गए हैं और घोस्ट विलेज (भूतिया गांव) में परिवर्तित हो गए हैं।

यद्यपि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सीमावर्ती गांवों को जोड़ने और उनकी सुरक्षा के लिए वाईब्रेन्ट विलेज की घोषणा की है, जो एक मील का पत्थर साबित होगा, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों को बहुत तेजी से जोड़ा जा रहा है, ताकि पलायन रूक सके और सीमावर्ती क्षेत्र ओर मजबूत हो सकें। लेकिन मध्य हिमालय के गांव बहुत तेजी से खाली हो रहे है, जो उत्तराखण्ड राज्य एवं पूरे देश के लिए चिंता का विषय है।खाली हों चुके इअतः मैं, इन गावों को पुनः बसाने हेतु केन्द सरकार से ठोस कदम उठाने एवं विशेष आर्थिक पैकेज देने की मांग करता हूं।

## मेरठ में ही छपी थीं एनसीआरटी की फर्जी किताबें, पुलिस हिरासत में अभियुक्त

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की फर्जी किताब मामले में एसआईटी को कई अहम सुराग मिले हैं। पूछताछ के लिए हिरासत लिए गए अभियुक्त विशाल ने स्वीकार है कि गिरोह के सरगना संदीप गुप्ता ने एनसीईआरटी की फर्जी किताबें मेरठ में ही छापी थीं। एसआईटी अब प्रिंटिंग प्रेस के बारे में जानकारी जुटा रही है।

एसआईटी सूत्रों के अनुसार फर्जीवाड़े के तार लंबे हैं। बृहस्पतिवार को रुद्रपुर कोतवाली पुलिस ने मेरठ में दबिश देकर विशाल नाम के एक अभियुक्त को हिरासत में लिया जिससे शुक्रवार को पूरे दिन कई दौर की पूछताछ की गई। अभियुक्त ने बताया कि उसने मेरठ निवासी गिरोह के सरगना संदीप गुप्ता व शाहरुख के साथ काम किया है। गिरोह मेरठ में किताबें छापकर पूरे देश के अलग-अलग राज्यों में सप्लाई करता था। मेरठ में गिरोह के पकड़े जाने के बाद उन्होंने रुद्रपुर को नया ठिकाना बनाया था। कीरतपुर में किराए के गोदाम पर कैंटरों से किताबें लाकर सुरक्षित रखी जाती थीं। इसके बाद उन्हें मांग के आधार पर बताए गए स्थानों पर पहुंचाया जाता था। किताबों को बुक सेलर तक पहुंचाने के लिए कई युवक रखे गए थे।

वह मार्केटिंग के जरिए उनकी किताबों को खरीदने के लिए कहते थे। रुद्रपुर के अलावा कुमाऊं में किताबें भेजी जा चुकी हैं। प्रिंटिंग प्रेस संदीप की खुद थी या किसी और की। इसकी तस्दीक की जा रही है।

## कैबिनेट मंत्री कैड़ा का भीमताल विधानसभा में जोरदार स्वागत

धारी
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के शहरी विकास और जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद पहली बारएअपनी विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे। यहां पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि राज्य के विकास के लिए वह पूरी ताकत से काम करेंगे। विकास कार्यों को तेज करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

अमृतपुर, भीमताल मार्केट, खुटानी, चाफ ी, मटियाल, पदमपुरी तथा धारी आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व स्थानीय जनता ने भव्य स्वागत कार्यक्रम किया गया। कार्यकर्ताओं व जनता द्वारा ढोल नगाडे से कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैडा का भव्य स्वागत किया गया।




कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने अपनी नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व व मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त कियाए साथ ही अपनी भीमताल विधानसभा के समस्त मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।जिनकी बदौलत दौबारा विधानसभा में निर्वाचित होकर आज उन्हें प्रदेश मंत्रिमण्डल में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि पार्टी द्वारा उनपर जताये गये विश्वास पर खरा उतरने का व भरसक प्रयास करेगे साथ ही मोदी सरकार धामी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अन्तिम व्यकि तक पहुंचाने का कार्य करेगे।

उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में राज्य में लगातार तीसरी बार सरकार बनाएगी। कैड़ा ने कहा क्षेत्र की हर समस्या का समाधान हो इस दिशा में कार्य करने का प्रयास किया जायेगा।

**आयोजन**

- विकास कार्यो को तेज करने का दिलाया भरोसा

# अनुवाद के बिना विश्व साहित्य की संकल्पना नहीं

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




कुमाऊं विश्वविद्यालय की रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजनपीठ में शुक्रवार को सुप्रसिद्ध छायावादी कवयित्री महादेवी वर्मा के 119वें जन्मदिवस पर आयोजित बारहवें महादेवी वर्मा स्मृति व्याखयान में मुखय वक्ता चंडीगढ़ साहित्य अकादमी से समानित कवि,लेखक व संपादक सरबजीत गरचा ने कहा कि विश्व साहित्य की संकल्पना अनुवाद के बिना संभव नहीं है।

उन्होंने समकालीन वैश्विक काव्य संसार और हिंदी संवाद एवं अनुवाद विषय पर व्याखयान देते हुए कहा कि अनुवाद विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों के बीच संवाद स्थापित करता है और यही वैश्विकता का आधार है। कहा कि आज की विश्व कविता में पहचान, विस्थापन, युद्ध, प्रतिरोध, बहुस्वरवाद और डिजिटल कविता जैसे विषय प्रमुख हैं तथा अनुवाद इन सभी के बीच समझ विकसित करता है। उन्होंने अज्ञेय, कुँवर नारायण, केदारनाथ सिंह और मंगलेश डबराल जैसे हिंदी कवियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय भाषाओं और विदेशी भाषाओं के बीच व्यापक अनुवाद कार्य हुआ है।

विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी ने कहा कि हिंदी में विश्व साहित्य के अनुवाद की सुदृढ़ परंपरा रही है और यही साहित्य के वैश्विक प्रसार का प्रमुख आधार है। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए प्रो. चन्द्रकला रावत ने कहा कि अनुवाद से हिंदी साहित्य को नवीन दृष्टि और व्यापक आयाम मिले हैं। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महादेवी वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। सृजनपीठ के निदेशक प्रो. शिरीष कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन पीठ समनवयक मोहन सिंह रावत और धन्यवाद अतिथि व्याखयाता मेधा नैलवाल ने किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रतिभागियों और वक्ता के बीच संवाद भी आयोजित हुआ। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ के प्राचार्य डॉ. नगेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार अंबरीश कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल आर्य, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुचित्रा अवस्थी, डॉ. राजेन्द्र कैड़ा, डॉ. अनिल कार्की, डॉ. कुमार मंगलम सहित डॉ. शशि पांडे, डॉ. कंचन आर्या आदि कई शिक्षाविद, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डीएसबी परिसर में दो दिवसीय जीवन कौशल कार्यशाला शुरु

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में पीएम ऊषा मेरु परियोजना के अंतर्गत दो दिवसीय जीवन कौशल कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार से शुरु हो गया है। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं जीवन कौशल को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बीडी पांडे जिला चिकित्सालय के पीएमएस डॉ. तरुण कुमार टमटा ने दीप प्रज्वलन कर किया।

नोडल अधिकारी एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने संचालन करते हुए बताया कि जीवन कौशल में दस प्रमुख आयाम शामिल होते हैं, जिनमें व्यक्तित्व विकास और संचार कौशल महत्वपूर्ण हैं। प्रो. अमित जोशी ने स्वागत करते हुए ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए उपयोगी बताया। मुखय अतिथि डॉ. टमटा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में संयम बनाए रखना तथा प्राथमिक उपचार का ज्ञान प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक जीवन कौशल है। मुखय वक्ता अपर्णा आनंद ने व्यक्तित्व विकास पर विचार रखते हुए बताया कि व्यकि का व्यक्तित्व उसके स्वभाव, परिवेश और संस्कृति से निर्मित होता है तथा आत्मविश्वास और प्रभावी संचार इसकी प्रमुख आधारशिला हैं। कार्यशाला में प्रतिभागियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रचनात्मकता और आत्मविश्लेषण के लिए प्रेरित किया गया। मेरु की समन्वयक प्रो. सुची बिष्ट ने राष्टीय शिक्षा नीति में कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।



# सीडीओ को ब्लॉक दफ्तर में 6 कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**निरीक्षण**

- बीडीओ को स्पष्टीकरण मांगने के दिए निर्देश

मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे ने विकास खण्ड कार्यालय भीमताल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण दौरान 6कर्मचारी अनुपस्थित पाए गये जिस के क्रम में मुखय विकास अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को उक्त कर्मचारियों का स्पष्टीकरण प्रास करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाये गया कि भम्रण पंजिका में सात दिन पूर्व भम्रण दिखा कर कर्मचारी गए है परन्तु तब से कार्यालय नही आए। उन्होंने यह देखा कि विकास खण्ड में समूह के रजिस्टर वितरित नहीं किये गए उन्हें शीघ्र वितरित करने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिये साथ ही यह कहा कि 31 मार्च से पूर्व बजट शतप्रतिशत खर्च करें। निरीक्षण दौरान खण्ड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग, एबीडोओ तथा डीपीओ आदि उपस्थित रहे।

# सीडीओ पांडे ने किया भीमताल सीएचसी सेंटर का औचक निरीक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**निर्देश**

- 15 कर्मी मिले अनुपस्थित, सीएमएस को दिए वेतन रोकने के निर्देश

जिले के सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी सेन्टर) भीमताल का औचक निरीक्षण किया, साथ ही सीडीओ खुद मरीज बनकर उपचार कराने पहुंचे।

इस दौरान उपस्थित पंजिका का अवलोकन करने उपरान्त 15 कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। जिस पर सीडीओ पांडे ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त कर्मचारियों का वेतन रोकने निर्देश सीएमएस को दिये। सीडीओ पांडे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही दवाइयों की एकसपायरी डेट भी जांच की गई यह भी देखा की कोई दवाई बाहर से तो नही लिखी जा रही है। उन्होने अल्ट्रा साउन्ड मशीन, एकस रे मशीन के साथ ही आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की भी जानकारी ली। निरीक्षण दौरान उन्होने सीएमएस को निर्देश दिये कि चिकित्सालय में साफ, सफाई का विशेष ध्यान दिया जाये। सभी कार्मिकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# जिला बार एसोसिएशन चुनावः आम सभा में प्रत्याशियों ने लगायी वादों की झड़ी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता





जिला बार एसोसिएशन के 1 अप्रैल (बुधवार) को होने जा रहे चुनाव से पूर्व शुक्रवार को प्रत्याशियों के विचारों को आम अधिवक्ताओं तक पहुंचाने के लिये आम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रत्याशियों ने अधिवक्ता हितों को लेकर अनेक वादे किए।

सभा को हरिशंकर कंसल, अरुण बिष्ट, नीरज साह, कमल चिलवाल, प्रमोद तिवारी, अनिल बिष्ट, संजय सुयाल तथा नीरज गोस्वामी सहित सभी प्रत्याशियों ने अधिवक्ताओं के लिए चैंबर निर्माण, कनिष्ठ अधिवक्ताओं के बैठने की समुचित व्यवस्था, सामूहिक बीमा एवं चिकित्सकीय बीमा जैसी सुविधाएं मुहैया कराने के आश्वासन दिये।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के मान-सममान के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और प्रत्येक परिस्थिति में अधिवक्ता हितों की रक्षा की जाएगी साथ ही भविष्य में अध्यक्षए सचिव एवं उपाध्यक्ष के पदों पर महिला आरक्षण लागू करने की बात भी कही गई।

कार्यक्रम में मुखय निर्वाचन अधिकारी राजेश चंदोला व जिला बार संघ के अध्यक्ष भगवत प्रसाद, शंकर चौहान, मनीष मोहन जोशी, सुशील शर्मा, पंकज बिष्ट समेत कई अधिवक्ता उपस्थित रहे। संचालन सचिव दीपक रुवाली ने किया।

## नैनीताल वाल्मीकि सभा चुनावः 12 नामांकन पत्रों की बिक्री

**नैनीताल ।** नैनीताल में वाल्मीकि सभा के चुनाव के लिए शुक्रवार को पालिका सभागार में नामांकन पत्रों की बिक्री की गई जिसमें विभिन्न पदों के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदे।

निर्वाचन अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि वाल्मीकि सभा में चार पदों के लिए चुनाव होने हैं जिसके लिए शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दो बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री की गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए रोहित भाटिया, मनोज पवार व गिरीश भैया, उपाध्यक्ष पद के लिए अजय जौहरी,अमित सहदेव, संजय सौदा व राजा राजेश, सचिव पद के लिए दिनेश कटियार, राहुल कुमार पुजारी व सोनू सहदेव जबकि उपसचिव पद के लिए अभिषेक मुल्तानिया व रवि कुमार ने नामांकन पत्र खरीदे। इस दौरान चुनाव अधिकारी प्रदीप सहदेव, अनिल कटियार, संजू, शुभम तथा दिनेश तथा जगदीश गौड़ मौजूद रहे।

# NEWS / फटाफट

## घायल व्यापारी की प्राथमिकी दर्ज

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल मोहन को रोड पर तेज रफतार स्कूटी की टक्कर से जो व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद घायल व्यापारी की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हंस निवास निवासी गिरीश चंद्र तिवारी जिनकी पालिका बाजार में मोमबत्ती की दुकान है बुधवार देर रात दुकान बंद कर पैदल घर लौट रहे थे। रॉयल होटल कंपाउंड के समीप पहुंचते ही सामने से आ रही तेज रफतार स्कूटी ने उन्हें टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर दूर जा गिरे थे और उनके पैर में गंभीर चोट आ गई थी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यापारी को स्ट्रेचर के जरिए बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। घायल की पत्नी संतोषी तिवारी ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग के बाद मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में पुलिस ने अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अनुसूचित जाति की महिलाओं हेतु ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण



**नैनीताल ।** नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल द्वारा उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से अनुसूचित जाति की युवतियों व महिलाओं हेतु चार माह का बयूटी पार्लर प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन मुखय अतिथि कुन्दन लाल साह ट्रस्ट नगर पालिका बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्य नीतू रावत, शिक्षिका लता रावत तथा राजभवन वार्ड की पूर्व सभासद निर्मला चंद्रा तथा संस्था की अध्यक्ष शैलजा सकसेनाए द्वारा सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुखय अतिथि ने कहा कि आज समय में बयूटी पार्लर का बहुत अधिक महत्व है इस क्षेत्र में रोजगार की अधिक सभावनाएं हैं। संस्थाध्यक्ष शैलजा सकसेना ने बताया यह प्रशिक्षण चार माह तक चलेगा,। इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमती लता रावत को उनके अच्छे कार्यहेतु समानित कर प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। कहा कि प्रशिक्षण मीनाक्षी बिष्ट व भावना आर्या द्वारा दिया जा रहा है।

## राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान 620वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 620वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने स्वर्गीय पिता तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

## केएमवीएन के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष चंदोला ने की एमडी से मुलाकात



**नैनीताल ।** पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊँ मंडल विकास निगम कंचन चंदोला द्वारा शुक्रवार को कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह निगम के कर्मचारियों के नियमित कारण के समाधान के लिए मांग की कहा कि कर्मचारियों का नियमितीकरण होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि कई कर्मचारी सेवानिवृति के कगार पर हैं।

# अभिमत

## अपनों का दमन

*अपने देश के नागरिकों का दमन करने पर तुले हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने एक बार फिर पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाते हुए बेनकाब किया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान अहमदिया समुदाय पर जुल्म कर रहा है। अफगानिस्तान में अस्पताल पर हमला अमानवीयता की पराकाष्ठा है। इस्लामी मुल्क होने का दावा करने वाला पाकिस्तान हमेशा झूठ का सहारा लेता है। इस्लामी सहयोग संगठन भारत के खिलाफ बार-बार झूठे आरोप लगाता है, जबकि भारत में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं।*

किसी भी धर्म में हिंसक और दमनकारी कार्यों को अपराध माना गया है। समाज में सभी धर्मावलंबियों, जातियों और पंथ को मानने वालों को सम्मान से जीने का अधिकार है। पाकिस्तान के शासक अपने देश के नागरिकों का दमन करने पर तुले हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने एक बार फिर पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाते हुए बेनकाब किया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान अहमदिया समुदाय पर जुल्म कर रहा है। अफगानिस्तान में अस्पताल पर हमला अमानवीयता की पराकाष्ठा है। इस्लामी मुल्क होने का दावा करने वाला पाकिस्तान हमेशा झूठ का सहारा लेता है। इस्लामी सहयोग संगठन भारत के खिलाफ बार-बार झूठे आरोप लगाता है, जबकि भारत में मुसलमान सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं। सच यह है कि पाकिस्तान में सरकारी और गैर-सरकारी तत्वों द्वारा संकीर्ण राजनीतिक फायदे के लिए धार्मिक पहचान को हथियार बनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन करने वालों पर कथित कार्रवाई को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है। कश्मीरी कार्यकर्ता जावेद अहमद बेग ने गणित के शिक्षक अंजर जावेद भट्टी की हत्या का मामला उठाया है। बेग ने कहा कि पीओके में शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने पर सेना द्वारा बल प्रयोग किया जाता है। पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर का हिस्सा भारत का अभिन्न अंग है, भारत जब चाहे पीओके को ले सकता है, लेकिन विस्तारवादी नीति का समर्थक नहीं होने से भारत संयम बरत रहा है। पीओके के लोग समय-समय पर भारत के प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करके भारत में शामिल होने की मांग करते रहे हैं। बलूचिस्तान के लोगों पर भी पाकिस्तान की सेना जुल्म कर रही है। बलूचिस्तान और अहमदिया समुदाय के लोग सेना के जुल्म का विरोध करते हैं तो उन्हें आतंकी बताया जाता है। सच्चाई यह है कि पीओके में पाकिस्तान की सेना के संरक्षण में कई आतंकी संगठनों के प्रशिक्षण केन्द्र हैं। पाकिस्तान की सेना प्रशिक्षित आतंकवादियों को सीमा पार कराकर भारत में भेजती है। पाकिस्तान से आये आतंकवादी कश्मीर घाटी और अन्य जगह खूनखराबा करते हैं। पहलगाम में पर्यटकों का नरसंहार तथा पुलवामा में भारतीय सेना के काफिले पर हमला पाकिस्तान से आये आतंकवादियों ने किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो टूक चेतावनी दे चुके हैं कि पूरा कश्मीर भारत का है।

# कैंची धाम, भवाली व भीमताल में ट्रैफिक प्लान लागू

## वीकेंड भारी वाहनों का रूट डायवर्ट, पर्यटकों के वाहनों के लिए शटल सेवा व्यवस्था

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

वीकेंड के दौरान बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में पुलिस ने विशेष ट्रैफि क एवं डायवर्जन प्लान लागू किया है। इसका उद्देश्य पर्यटकों और स्थानीय लोगों को जाम से राहत दिलाना और यातायात को सुचारु बनाए रखना है।



पुलिस कप्तान डॉ. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि शनिवार (आज) और रविवार यानी 29 मार्च को अल्मोड़ा व रानीखेत की ओर से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़ व मुक्तेश्वर मार्ग से भेजा जाएगा वहीं हल्द्वानी से पहाड़ की ओर जाने वाले आवश्यक सेवा के भारी वाहन अपने निर्धारित रूट से चलेंगे जबकि अन्य भारी वाहनों को यातायात के दबाव के अनुसार भवाली मस्जिद तिराहे से पहले रोका जाएगा या उन्हें रामगढ़ व खुटानी मोटर मार्ग से भेजा जाएगा। पर्यटकों की सुविधा के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। भीमताल मार्ग से कैंची धाम जाने वाले निजी वाहनों को भीमताल विकास भवन पार्किंग में रोका जाएगा। यहां से श्रद्धालुओं को शटल सेवा के माध्यम से कैंची धाम भेजा जाएगा। इसी तरह नैनीताल-गेठिया मार्ग से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। यहां से भी शटल सेवा के जरिए श्रद्धालु कैंची धाम मंदिर तक पहुंच सकेंगे।

पुलिस ने सभी पर्यटकों और वाहन चालकों से अपील की है कि वीकेंड के दौरान लागू डायवर्जन प्लान का पालन करें ताकि यात्रा सुगम और सुरक्षित बनी रहे।




## नैनीताल में तेज हवाओं के साथ बारिश

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में शुक्रवार को मौसम ने कई रंग दिखे। दोपहर में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई जबकि धूप छांव का खेल पूरे दिन चला। बता दें नगर में सुबह के समय मौसम तेज हवाओं के साथ सुहावना बना रहा। चटक धूप भी कुछ देर खिली रही। दिन में बादलों का आना जाना जारी रहा जिन्हें तेज हवाओं ने टिकने नहीं दिया। अलबत्ता धूप में गर्मी का एहसास हुआ तो शाम की हवा में खासी ठंड महसूस हुई। अपराह्न दो बजे बारिश शुरू हो गई। वर्षा बहुत अधिक तो नहीं हुई लेकिन हवा के साथ होने के कारण छाता का बस नहीं चल पाया। वर्षा थमने के बाद मौसम साफ हो गया और धूप निकल आई।

## युवक पर जानलेवा हमला करने का आरोप

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। युवक के परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मल्लीताल निवासी रश्मि ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बीरवार की रात करीब आठ बजे उसका भाई पवन अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि तभी स्थानीय युवकों ने रूकुट कॉटेज के समीप मोबाइल टावर के पास उसे रोक लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए उस पर हमला कर दिया। पीड़ित को धक्का देकर गिराया गया और लाठी.डंडों से बुरी तरह पीटा गया। किसी तरह युवक अपनी जान बचाकर घर की ओर भागाए लेकिन आरोपी वहां भी पहुंच गए और घर के बाहर हंगामा करते हुए परिजनों के साथ भी मारपीट की। इस घटना में परिवार के अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। आरोप लगाया है कि युवक खुलेआम जान से मारने की धमकी दे रहे हैं जिससे पूरा परिवार दहशत में है।

# भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह पहुंचे नैनीताल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह (एवीएसएम, एनएम, चीफ ऑफ पर्सोनल) ने एनसीसी ग्रुप मुखयालय समेत नैनीताल का भ्रमण किया।



बता दें यह दौरा एनसीसी गतिविधियों के अवलोकन, मूल्यांकन एवं भविष्य की दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। एनसीसी मुखयालय में उनका स्वागत ग्रुप कमांडर कमोडोर बल राजेश सिंह एवं मुखय प्रशासनिक अधिकारी नवीन सिंह ढैला द्वारा किया गया तत्पश्चात उन्हें एनसीसी की विभिन्न गतिविधियों, प्रशिक्षण प्रणाली एवं संगठनात्मक संरचना के संबंध में विस्तार से ब्रीफिंग दी गई। ब्रीफिंग में यह बताया गया कि किस प्रकार एनसीसी के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता व टीम भावना एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित की जाती है। एनसीसी ग्रुप मुखयालय नैनीताल के अंतर्गत कुल 6 बटालियन यूनिट्स कार्यरत हैं। एनसीसी की इकाइयों के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को सैन्य प्रशिक्षण के साथ व्यक्तित्व विकास, आपदा प्रबंधन, साहसिक गतिविधियों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर वाइस एडमिरल को एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रभावशाली गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया, जिसकी उन्होंने प्रशंसा की। इसके उपरांत कैडेट्स द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम के दौरान 77 बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा के कमान अधिकारी कर्नल जितेश शर्मा,24 गर्ल्स बटालियन की कमान अधिकारी कर्नल पी बी कुलकर्णी तथा एनसीसी ग्रुप मुखयालय नैनीताल की मुखय सहायक श्रीमती जया नेगी, वरिष्ठ सहायक इसरार बकश, मयंक डिमरी, परवेज अहमद, लेखाकार राजेंद्र सिंह रावत, राकेश जोशी, राजू, वीरेंद्र सिंह एवं हवलदार नवीन चंद तिवारी भी उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## धुरंधर 2 की सफलता के बीच करोड़ों की नई कार में दिखे रणवीर





*रणवीर सिंह इन दिनों 'धुरंधर- द रिवेंज' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस बीच एक्टर हाल ही में एयरपोर्ट पर अपनी नई लग्जरी कार में पहुंचे। रणवीर को ये लग्जरी कार 'धुरंधर 2' की सफलता के इनाम के तौर पर मिली है। लेकिन इस दौरान रणवीर ने एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा किया, जो सोशल मीडिया पर वायरल है और लोग रणवीर के इस गेस्चर की तारीफ कर रहे हैं। रणवीर ने एयरपोर्ट पर नई स्टाइलिश कार में 'धुरंधर' अंदाज में एंट्री ली। कई रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया जा रहा है कि रणवीर को ये कार 'धुरंधर- द रिवेंज' के निर्देशक-निर्माता आदित्य धर की पत्नी एक्ट्रेस यामी गौतम की ओर से एक शानदार तोहफे के रूप में मिली है। खबरों के मुताबिक, फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता का जश्न मनाने के लिए रणवीर को यामी ने लगभग 5 करोड़ रुपये की लग्जरी जीएमसी हमर गिफ्ट की है। इसी दौरान रणवीर की एयरपोर्ट पर प्रशंसकों के साथ दिल छू लेने वाली बातचीत ने सबका दिल जीत लिया। लेकिन कमाल तो तब हो गया जब एक फैन अभिनेता को केक भेंट करते नजर आया। हालांकि, रणवीर ने केक को अपने हाथों में लेना और उस प्रशंसक के लिए जन्मदिन का गीत गाना चुना। फैन केक काटते हुए और रणवीर को एक टुकड़ा खिलाते हुए बेहद खुश नजर आए। केक काटने के बाद, रणवीर प्रशंसक के साथ तस्वीरें खिंचवाते हैं और कई अन्य लोगों के साथ सेल्फी लेते हुए हवाई अड्डे की ओर रवाना हुए। रणवीर के इस दिल छू लेने वाले गेस्चर ने सबका दिल जीत लिया।*

### बॉक्स ऑफिस पर जमकर फैसे छाप रही

*'धुरंधर- द रिवेंज' के कलेक्शन की बात करें तो फिल्म भारत में 700 करोड़ रुपए के कलेक्शन को पार कर चुकी है। जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन में फिल्म का आंकड़ा लगभग 1700 करोड़ रुपए से भी ऊपर पहुंच चुका है।*

# डीएसबी परिसरः स्वर्ण जयंती के उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के भौतिक विज्ञान विभाग में भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट के प्रक्षेपण की स्वर्ण जयंती के उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को परिसर के एएन सिंह हॉल में छात्रों को भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट के प्रक्षेपण की स्वर्ण जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्रों के लिए इसरो क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई । इसरो के वैज्ञानिक डॉ. शंकरब्रमणि बैंगलोर ने आर्यभट्ट पहले लॉन्च उपग्रह को विस्तृत जानकारी दी। इसरो के मेडिकल ऑफिसर डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि इसरो के क्षेत्र न युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर है। इस दौरान इसरो के डॉ. एन एस मुरली, डॉ राजेंद्र, डॉ. गोविंद राव एनी, डा. सिद्धार्थ तिवारी, प्रो. सूची बिष्ट, प्रो. आशीष मेहता, प्रो. रमेश चंद्रा, प्रो. सीमा पांडे, डॉ. राज कुमार आदि मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## नैनीताल के मां नयना देवी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम

**नैनीताल।** श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के तत्वावधान में चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। बता दें शुक्रवार को प्रात: काल से ही माता के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया नवरात्रि के समापन अवसर पर ट्रस्ट द्वारा विधि-विधान के साथ हवन का आयोजन किया गया। इस वर्ष महानवमी के अनुष्ठान में मनोज चौधरी ने सपरिवार (सपत्नी) मुख्य यजमान की भूमिका निभाई और पूर्ण आहुति दी। धार्मिक अनुष्ठानों को मुखय आचार्य बसन्त बल्लभ पांडे के नेतृत्व में चंद्रशेखर तिवारी, भुवन चंद्र कांडपाल व गणेश बहुगुणा और नवीन चन्द्र तिवारी द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अमर उदय ट्रस्ट के उपसचिव प्रदीप कुमार शाह, प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र मेलकानी सहित मंदिर के समस्त कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## पुस्तकों की अनुपलब्धता से पठन पाठन कार्य प्रभावित न हो: सीईओ

**नैनीताल।** मुख्य शिक्षाधिकारी नैनीताल गोविन्द राम जायसवाल ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं की पाठ्य पुस्तकों के वितरण की प्रक्रिया गतिमान है तथा खुले बाजार की एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें मुहैया कराई जा रही हैं। विद्यार्थियों की अध्ययन प्रक्रिया निरंतर बनाए रखने के दृष्टिगत यह अवश्यक है कि पुस्तकों की अनुपलब्धता होने के कारण पठन.पाठन कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी विद्यार्थी की पढ़ाई बाधित न हो तथा पुस्तकों का समुचित प्रबंधन किया जाये।

# बैठक: नैनीताल जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियां तेज

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के 01 जुलाई 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में नैनीताल जिले में निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं सहभागितापूर्ण बनाने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों एवं उनके प्राधिकृत बीएलए-(बूथ लेवल एजेंट) के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा माह अप्रैल के प्रथम सप्ताह में विशेष गहन पुनरीक्षण की औपचारिक घोषणा किए जाने की संभावना है। इसी के दृष्टिगत जनपद स्तर पर पूर्व तैयारी एवं समन्वय सुनिश्चित करने हेतु उक्त बैठक आयोजित की गई। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि आगामी समय में इस संबंध में नियमित रूप से बैठकें आयोजित की जाती रहेंगी। जिलाधिकारी रयाल ने सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा की गई कि वे प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रत्येक मतदान केंद्र पर अपने बूथ लेवल एजेंट की शीघ्र एवं शत प्रतिशत नियुकि करें। उन्होंने विशेष रूप से अवगत कराया कि नियुक्त बीएलए संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सक्रिय रूप से कार्य करें जिससे पुनरीक्षण प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं त्रुटिरहित संपादित की जा सके। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद की 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1010 मतदेय स्थलों के सापेक्ष अब तक इंडियन नेशनल कांग्रेस 793 (71.51 फीसदी) एवं भारतीय जनता पार्टी 959(94.95 फीसदी) की बूथ लेवल एजेंटों की नियुक्ति की जा चुकी है। अन्य राजनीतिक दलों से भी अपेक्षा की गई कि वे इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर बीएलए की नियुक्ति करें। विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रारंभिक गतिविधियों के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा वर्ष 2003 की निर्वाचिक नामावली के मतदाताओं का वर्तमान निर्वाचक नामावली से बीएलओ ऐप के माध्यम से मिलान किया जा रहा है। कुल 787991 मतदाताओं के सापेक्ष 694532 मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण की जा चुकी है जो लगभग 88.14 प्रतिशत प्रगति को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं की पहचान एवं पंजीकरण हेतु अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर संपर्क स्थापित कर जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है बैठक में भारत निर्वाचन आयोग की डिजिटल पहल बुक ए कौल विथ बीएलओ के संबंध में भी जानकारी साझा की गई जिसके माध्यम से मतदाता सीधे अपने बीएलओ से संपर्क स्थापित कर नाम जोड़नेए संशोधन कराने तथा अन्य निर्वाचन संबंधी सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल एच डी पाण्डे, तहसीलदार नैनीताल अक्षय भट्ट सहित जनपद के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारी आशीष बजाज महामंत्री बीजेपी, यशराज सिंह युवा मोर्चा भाजपा, मनोज जोशी भाजपा, प्रशांत जोशी बीएलए प्रथम आईएनसी, भगवत सिंह सभासद, मनोज शर्मा आईएनसी, प्रकाश पाठक आईएनसी आदि पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# डीएम ने की परियोजनाओं के अन्तर्गत संचालित कार्यों के प्रगति की समीक्षा

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा हल्द्वानी कैम्प कार्यालय में नैनीताल जिले में संचालित महत्वपूर्ण परियोजनाओं के अन्तर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यदायी संस्थाओं को समय पर लक्ष्य के सापेक्ष कार्य पूर्ण गुणवत्ता से कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य पूरे आक्रामकता से तीव्र गति से हों ताकि मानसून से पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण हो जाए।* उन्होंने कहा कि जनता में बेहतर संदेश जाए सभी विभाग आपसी समन्वय व सामंजस्य के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान देते हुए कार्यों को सम्पन्न करें।

हल्द्वानी नगर एवं रामनगर में एचपीसीएल द्वारा कराये जा रहे गैस पाईप लाईन कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने एचपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्तमान में हल्द्वानी नगर में यूयूएसडीए द्वारा स ?क मार्गों के सीवरेज पेयजल का कार्य किया जा रहा है इन सड़कों पर शीघ्र ही हॉटमिक्स कार्य होना है इस हेतु एचपीसीएल यूयूएसडीए तथा पेयजल विभाग के साथ समन्वय करते हुए इन मार्गों में गैस पाइपलाईन बिछाने का भी कार्य हॉटमिक्स कार्य होने से पूर्व करा लें। बैठक में निर्णय लिया गया कि इसी सप्ताह में नगर के पीलीकोठी क्षेत्र में गैस पाईपलाईन बिछाने का का कार्य तत्काल पूर्ण करा लिया जाए बैठक में हल्द्वानी शहर के सभी चौराहों के सौन्दर्यीकरण कार्य की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि एक माह के भीतर नगर के सभी चौराहों में सौन्दर्यीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाए इस हेतु उन्होंने लोनिवि, यूयूएसडीए के अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी एपी बाजपेई, यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधन कुलदीप कुमार, जमरानी बांध के सहायक महाप्रबंधक शाहनवाज अभय पंत सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# कानून-व्यवस्था पर प्रशासन सख्त 9 अपराधी जिला बदर, 5 को राहत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के तहत कार्रवाई करते हुए जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल ललित मोहन रयाल ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 9 आरोपियों को गुंडा घोषित कर उन्हें 6 माह के लिए जनपद की सीमा से बाहर (जिला बदर) करने के आदेश जारी किए हैं। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला बदर किए गए आरोपियों में राहुल पुत्र रमेश (बंबाघेर, थाना रामनगर) संजय आर्य पुत्र रमेश चंद्र (बागजाला, थाना काठगोदाम) अनुज राज सिंह पुत्र रमेश सिंह (चोरपानी, थाना रामनगर) शाहिद पुत्र मोहम्मद रफी (खताड़ी, रामनगर) कौशल चिलवाल पुत्र राजेंद्र चिलवाल इंदिरा कॉलोनी, सलमान पुत्र रईस अहमद (थाना बनभूलपुरा) मोहसिन पुत्र नासिर (पप्पू का बगीचा, बनभूलपुरा) शादाब पुत्र सज्जाद (थाना बनभूलपुरा) प्रदीप सागर अमन पुत्र पूरनचंद सागर (लामाचौड़, थाना मुखानी) हैं। प्रशासन के अनुसार इन सभी का आपराधिक इतिहास गंभीर है और इनकी गतिविधियों से क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा था। इसी आधार पर इन्हें 6 महीने के लिए जनपद नैनीताल की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

जांच के दौरान कुछ व्यक्तियों के व्यवहार में सुधार पाए जाने पर प्रशासन ने उन्हें राहत भी प्रदान की है। जिनके खिलाफ गुंडा एक्ट के नोटिस निरस्त किए गए हैं, उनमें—शनि बाबू पुत्र राम सुरेश बाबू (निर्मल कॉलोनी, लालकुआं) संजय बिनवाल पुत्र कुंदन सिंह (राजीव नगर, थाना लालकुआं) हिमांशु शाही पुत्र गौरव शाही (दुगई स्टेट, थाना भवाली) सूरज कुमार पुत्र कालूराम (देवलचौड़) मोहम्मद आबिद पुत्र शब्बीर (थाना कालाढूंगी)

**प्रशासन का संदेश स्पष्ट:** जिला मजिस्ट्रेट ने साफ कहा है कि जनपद में अपराध और असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सख्ती लगातार जारी रहेगी। वहीं, जिन लोगों के व्यवहार में सुधार देखने को मिलेगा, उन्हें नियमानुसार राहत भी दी जाएगी।

# नैनीताल में रंगकर्मियों ने मनाया विश्व रंगमंच दिवस

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर शुक्रवार को श्री राम सेवक सभा प्रांगण में हिमाल आर्ट एन्ड कल्चर सोसायटी ने एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें नैनीताल के रंगकर्मियों ने विभिन्न प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सफल बनायाए।

कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसके पश्चात वंदना गीत व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रमों में मुखय रूप से थिएटर के इतिहास के ऊपर चर्चा की गयी उसके पश्चात काव्य पाठ व अन्य प्रस्तुतियां दी गयी इस अवसर पर वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम, इदरीस मलिक, एच एस राणा व डीके शर्मा ने बताया कि किस प्रकार अभाव के बावजूद नैनीताल के कलाकारों ने रंगमंच के प्रति समर्पण दिखाया और आज बहुत से कलाकार कला के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर जहूर आलम, मिथिलेश पांडे, डीके शर्मा, डा. मोहित सनवाल, दिलावर सिराज, नासिर अली, पवन कुमार, नीरज डालाकोटी, कौशल साह जगाती, मदन मेहरा, एच एस राणा, अनिल कुमार, नवीन बेगाना, अनुराग बिसारिया, अमन महाजन समेत कई रंगकर्मी मौजूद रहे। इस मौके पर नई दिशाएं समिति के अध्यक्ष किशन लाल के निर्देशन में उनकी टीम द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गयी। संचालन रोहित बर्मा ने किया।



## दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर रिजॉर्ट गेट पर धरना प्रदर्शन आज

**अल्मोड़ा।** मरचूला स्थित ला-टिगरे रिजॉर्ट के मैनेजर और अन्य कर्मियों की ओर से लोक निर्माण विभाग कर्मी से गाली-गलौज, हाथापाई और चार घंटे बंधक बनाने की घटना पर लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई न होने पर शनिवार को रिजॉर्ट गेट पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। सल्ट के मरचूला में रविवार को लोनिवि की ओर से मरचूला-भैरंगखाल मार्ग पर मलबे को हटाने के दौरान सड़क पर अवैध रूप से पड़ी ला-टिगरे रिजॉर्ट के पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 132 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। क्षेत्राधिकारी (सीओ) अमित कुमार सेनी ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने 132 ग्राम स्मैक के साथ एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। सीओ के अनुसार, भूपेन्द्र सिंह मेहता अपनी टीम— उपनिरीक्षक मनोज कुमार, महिला कांस्टेबल अनिता तथा कांस्टेबल तारा सिंह के साथ शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के तहत संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम जब बरेली रोड स्थित गांधी इंटर कॉलेज तिराहे से एफटीआई रामपुर रोड की ओर जा रही थी, तभी एफटीआई गेट के पास सड़क किनारे अंधेरे में एक स्कूटी खड़ी दिखाई दी, जिसका इंडिकेटर जल रहा था। संदेह होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो स्कूटी पर एक महिला मुंह ढके बैठी मिली। पूछताछ में महिला संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी और तलाशी से भी कतराने लगी। महिला पुलिसकर्मी द्वारा तलाशी लेने पर स्कूटी की डिग्गी से एक बैग में रखी स्मैक बरामद हुई, जिसका वजन 132 ग्राम निकला। पूछताछ में महिला ने अपना नाम जोया खान, पत्नी मजहर आलम, निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी गौजाजली, थाना बनभूलपुरा बताया। अभियुक्ता ने बताया कि यह स्मैक आदिल नामक व्यक्ति की है, जिसने उसे मौके पर खड़ा रहने को कहा था। पुलिस ने स्कूटी संख्या यूके 04 ए एन 9810 को भी सीज कर दिया है।

# नैनीताल में वी विहान ने जीता दो रनों से फाइनल मुकाबला

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिला कीड़ा संघ के सहयोग से खेली जारी मोहममद हसनैन स्मृति अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच वी विहान ने जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सैनिक स्कूल व वी विहान के बीच खेला गया, टॉस जीतकर सैनिक स्कूल ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया जिसमें वी विहान ने रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में सात विकेट खोकर 115 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करते हुए सैनिक स्कूल की टीम 15 ओवर में 7 विकेट होकर 113 रन ही बना सकी और वी विहान ने यह मुकाबला दो रन से जीतकर ट्रॉफी पर कबजा कर लिया। मुखय अतिथि अल्मोड़ा अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक रोमित साह व विशिष्ट अतिथि नगर पालिका की अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने विजेता तथा उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में बेस्ट बल्लेबाज, गेंदबाज, फील्डर व विकेटकी व मैन ऑफ द मैच का भी पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 5100 रु पया तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 3100 रुपए0 दिए गए। इस मौके पर उप सचिव खेमराज देउपा, सभासद जितेंद्र पांडे, भगवत रावत, रमेश प्रसाद, अंकित चंद्रा, राकेश पवार, सुरेंद्र कुमार सहित विनोद तिवारी, पवन खनायत, शैलेंद्र बरगली, डॉ. मनोज बिष्ट, रवि प्रकाश जोशी, मोहममद बिलाल, वीरेंद्र शाह सहित खेल प्रेमी मौजूद थे। संचालन दीपक कुमार ने किया।

